2825
05/4/2024
Student Sec

## कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3 / 2024 /

लखनऊ:दिनांक 04 अप्रैल 2024

**नीट पी0जी0 2020 (एम0डी0 / एम0एस0) सप्लीमेन्ट्री बैच के अभ्यर्थियों को अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अर्न्तगत सीनियर रेजीडेण्ट के पद पर सेवायोजित किये जाने हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग की समय–सारिणी**

नीट पी0जी0 2020 (एम0डी0 / एम0एस0) सप्लीमेन्ट्री बैच के अभ्यर्थियों को अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अर्न्तगत सीनियर रेजीडेण्ट के पद पर सेवायोजित किये जाने हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग की समय–सारणी निम्नवत् है:–

| क0 स0 | विवरण | तिथि | कुल दिवस |
|---|---|---|---|
| 1 | आर्नलाईन पंजीकरण की तिथि | दिनांक 08 अप्रैल 2024 (सायं 5:00 बजे) से दिनांक 12 अप्रैल 2024 (पूर्वान्ह 11:00 बजे) तक | 04 दिवस |
| 2 | ऑन लाइन अभिलेखो के सत्यापन की तिथि | दिनांक 08 अप्रैल 2024 (सायं 5:00 बजे) से दिनांक 12 अप्रैल 2024 (पूर्वान्ह 11:00 बजे) तक | 04 दिवस |
| 3 | ऑनलाइन च्वाइस फिलिंग की तिथि | दिनांक 12 अप्रैल 2024 (सायं 5:00 बजे) से दिनांक 15 अप्रैल 2024 (पूर्वान्ह 11:00 बजे) तक | 03 दिवस |
| 4 | सीट आंवटन का परिणाम घोषित करने की तिथि | दिनांक 15 अप्रैल 2024 | 01 दिवस |
| 5 | आवंटन पत्र डाउनलोड करने तथा आवंटित कालेज में योगदान आख्या प्रस्तुत करने की तिथि | दिनांक 16 अप्रैल 2024 से दिनांक 22 अप्रैल 2024 | 07 दिवस |

- ऑनलाईन काउंसिलिंग हेतु सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को वेबसाईट **dgmeonlineposting.upsdc.gov.in** पर log-in करते हुए अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- **यदि किसी अर्ह अभ्यर्थी द्वारा आनलाइन काउंसिलिंग में पंजीकरण नही किया जाता है या पंजीकरण के पश्चात च्वाइस फिलिंग नही की जाती है अथवा च्वाइस फिलिंग में समस्त विकल्प न भरे जाने के कारण अभ्यर्थी को सीट आवंटित नही होती है तो ऐसे अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के उपरान्त अवशेष रिक्त सीटों में से किसी भी सीट पर आवंटन प्रदान कर दिया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व अभ्यर्थी के स्वयं का होगा।**
- नीट पी0जी0 2020 नियमित बैच के अभ्यर्थियों को अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अन्तर्गत सेवायोजित किये जाने हेतु इस कार्यालय की विज्ञप्ति संख्या–एम0ई0–3 / 2023 / 2801 दिनांक 24 नवम्बर 2023 द्वारा जारी महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश सप्लीमेन्ट्री बैच के अभ्यर्थियों हेतु आयोजित की जा रही काउंसिलिंग में भी लागू रहेंगे।
- अद्यतन सूचनाओं हेतु वेबसाइट **www.dgme.up.gov.in** एवं **dgmeonlineposting.upsdc.gov.in** का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

**Help Line Number: 8189011700**

**कृते महानिदेशक।**

संख्याः एम0ई0–3 / 2024 / 708 तद्दिनांक /

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–चार।
2. समस्त सदस्य, काउंसिलिंग बोर्ड।
3. कुलसचिव, के0जी0एम0यू0 / यू0पी0यू0एम0एस0, सैफई / निदेशक, एस0जी0पी0जी0आई लखनऊ / डा0 मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ / मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र, आगरा / राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा / पी0जी0आई0सी0एच0, नोएडा / सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान, लखनऊ /

प्रधानाचार्य समस्त राजकीय/स्वशासी मेडिकल कालेज, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को नोटिस बोर्ड एवं कालेज की बेवसाईट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करे।

4. नोडल अधिकारी (अभिलेखों का सत्यापन), के0जी0एम0यू0/यू0पी0यू0एम0एस0, सैफई तथा डा0 मनोहर लोहिया, आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ, को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन निर्धारित समयावधि में करना सुनिश्चित करें।
5. निदेशक, एन0आई0सी0.योजना भवन, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त समय–सारिणी को वेबसाईट dgmeonlineposting.upsdc.gov.in पर अपलोड कराने का कष्ट करें।।
6. निदेशक, यू0पी0एस0डी0सी0, लखनऊ।
7. शिविर सहायक, महानिदेशक कैम्प, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, लखनऊ, उ0प्र0।

कृते महानिदेशक।